सुविचार

लोगों को कभी भी चित्रों की पूजा नहीं करनी चाहिए। मानसिक अंधकार का प्रसार मूर्तिपूजा के प्रचलन के कारण है।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 32 | पंचकूला। सोमवार, 9 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की ऐतिहासिक जीत

### भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार जीता टी-20 वर्ल्ड कप, संजू सैमसन की धमाकेदार पारी






पंचकूला ऑब्जर्वर

**अहमदाबाद।** भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। इंडिया लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बन गई। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी-20 वर्ल्डकप जीता है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला लिया था। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने भारत ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जिमी नीशम को 3 विकेट मिले। रनों का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड को रनों के लिहाज से टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में सबसे बड़ी हार मिली।





### अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने तोड़ दिया 17 साल पुराना रिकॉर्ड

टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने अपनी तूफानी बैटिंग से इतिहास रच दिया। अभिषेक और संजू टी20 विश्व कप इतिहास के पहले ऐसे ओपनिंग जोड़ी बने हैं, जिन्होंने फाइनल में 50 या उससे अधिक रनों की पार्टनरशिप की है। अभिषेक और संजू ने पारी की शुरुआत करते हुए महज चार ओवर में 51 रनों की पार्टनरशिप कर दी थी। इस तरह इस भारतीय ओपनिंग जोड़ी ने टी20 विश्व कप फाइनल में 17 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। बता दें कि आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में इससे पहले सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप 48 रनों की थी। यह रिकॉर्ड साल 2009 में कामरान अकमल और शाहजैब हसन ने श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स में बनाया था। वहीं संजू और अभिषेक के बीच पहले विकेट के लिए 98 रनों की पार्टनरशिप हुई है। 19वें ओवर की आखिरी बॉल पर अभिषेक शर्मा ने जैकब डफी को लॉन्ग ऑन में तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। इसी के साथ न्यूज़ीलैंड 159 रन पर ऑलआउट हो गई और भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीत लिया।

## एक नज़र

### वैकुंठ धाम परिसर में काल भैरव मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ



**पंचकुला।** सेक्टर-20 स्थित वैकुंठ धाम परिसर में काल भैरव मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विधिवत शुभारंभ रविवार को किया गया। चार दिवसीय यह धार्मिक आयोजन 8 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिल रही है। समारोह के प्रथम दिवस प्रधान प्रदीप गोयल के सानिध्य में कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर सभी देवी-देवताओं के आवाहन के साथ शंकर भगवान और काल भैरव की मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की गई। वातावरण में गूंजते वैदिक मंत्रों और भक्ति भाव से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। पूजन के दौरान समिति के वरिष्ठ उपप्रधान विनोद रावल, उपप्रधान विजय सेठ, सचिव संजय चौधरी अपनी पत्नी सहित, राजीव चौधरी, चतुरभुज तथा अन्य गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। पूजन के उपरांत काल भैरव की मूर्ति का जलाधिवास संस्कार किया गया, जो प्राण प्रतिष्ठा की महत्वपूर्ण धार्मिक प्रक्रिया का हिस्सा होता है। इस धार्मिक अनुष्ठान को पंडित भीम सेन ने अपने सहयोगी पंडित भानू शर्मा और अजय शर्मा के साथ मिलकर पूर्ण विधि-विधान और वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और हवन-यज्ञ आयोजित किए जाएंगे। 11 मार्च को विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के साथ इस धार्मिक आयोजन का समापन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### दीपक गर्ग द्वारा सेक्टर-21 पंचकूला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह, हजारों की मौजूदगी में महिलाओं को किया गया सम्मानित



पंचकूला के सेक्टर-21 स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य बना दिया। लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में पंचकूला भाजपा के जिला अध्यक्ष अजय मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी बिंदु मित्तल भी मौजूद रहीं। महामंडलेश्वर विश्ववामित्र ने भी आशीर्वाद दिया। अजय मित्तल ने आयोजन के लिए दीपक गर्ग को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बिना पुरुष अधूरे हैं और समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। दीपक गर्ग ने बताया कि सेक्टर-21 में बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर उनका आशीर्वाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम में आई बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि एक महिला पूरे घर के साथ-साथ समाज और देश को संभालने की क्षमता रखती है। आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर पहुंचकर देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनुराधा पुरी, पुष्पा सिंगरोहा, सुरेश अग्रवाल, महेंद्र सिंह कंबोज, केपी जोशी, अशोक भारद्वाज, सुमित दहिया, संजीव कुमार, डा मनोज गुप्ता, राजा भुल्लर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं वार्ड नंबर-13 के लोगों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर दीपक गर्ग को अपना आशीर्वाद दिया।

## सिल्वर जुबली अग्रवाल युवक-युवती परिचय में वशिष्ठ अतिथि रहे अरुण ग्रोवर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** अग्रवाल सभा पंचकूला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय 25वें सिल्वर जुबली अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन अग्रवाल भवन सेक्टर-16 पंचकूला में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज में आपसी सहयोग, पारिवारिक मूल्यों की मजबूती और युवा पीढ़ी को सही दिशा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस कार्यक्रम में अमरटेक्स इंडस्ट्रीज लि. ग्रुप के सीएमडी एवं संस्थापक अरुण ग्रोवर विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ डी.पी. सिंगल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ पंचकूला के गांवों से जुड़े विकास कार्यों तथा गौशालाओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान गौसेवा को और अधिक सशक्त बनाने पर भी सहमति बनी। इस संदर्भ में हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग के नेतृत्व में चल रहे प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अरुण ग्रोवर ने कहा कि अमर्टेक्स अमर प्रयास फाउंडेशन, जो की सामाजिक सेवा से जुड़ी ट्रस्ट समिति है, समाज सेवा, गौसेवा और जनहित से जुड़े कार्यों को लेकर निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। आने वाले समय में फाउंडेशन पंचकूला शहर की विभिन्न सामाजिक और जनसमस्याओं के समाधान के लिए ठोस योजनाओं के साथ कार्य करेगा। इसके अंतर्गत जरूरतमंदों की सहायता, गौशालाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा समाज कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमर प्रयास फाउंडेशन का उद्देश्य सेवा भाव के साथ समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना है, और इसके लिए फाउंडेशन एवं अमरटेक्स ग्रुप भविष्य में भी समाज के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं और अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए समाज के विकास और गौसेवा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।




## सेक्टर 21 में मनाया महिला दिवस, म्यूजिकल चेयर और तंबोला पर महिलाओं का दिखा उत्साह



**पंचकूला।** सेक्टर-21 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विपिन लिड्डू द्वारा किया गया। विपिन लिड्डू ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर नारी शक्ति का सम्मान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, उनकी धर्मपत्नी बिंदु मित्तल, महिला भाजपा प्रभारी गुरप्रीत कौर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुराधा पुरी, हिमांगी शर्मा तथा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बबली शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहीं।

इस मौके पर निशा सैनी, वंदना, सुनीता लिड्डू, प्रोमिला लिड्डू, मीना रानी, अनुपिका रंधावा, शालू बिष्ट, चंचल शर्मा, रेखा शर्मा, पुष्पा सिगरोहा और अशोक आर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय मित्तल ने कहा कि ऐसा कोई दिन नहीं है जो महिलाओं के बिना पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि मां, बहन और बेटी के बिना परिवार की कल्पना नहीं की जा सकती। जिस घर में महिलाएं नहीं होतीं, वहां रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ही जननी, जगदंबा, लक्ष्मी और अन्नपूर्णा का रूप है। आज महिलाएं घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। चूल्हे से लेकर हवाई जहाज उड़ाने और चांद तक पहुंचने तक महिलाएं अपनी क्षमता साबित कर चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि हर दिन महिलाओं के सम्मान और उनके योगदान को याद करने का दिन होना चाहिए। महिलाएं जहां घर संभालने का हुनर रखती हैं, वहीं देश को आगे बढ़ाने की क्षमता भी रखती हैं।

विश्व महिला दिवस

घर परिवार की सभी जिम्मेवारी बखूबी निभाती है महिलाएं


## महिलाओं के बिना परिवार रहता है अधूरा




पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** विश्व महिला दिवस आज पूरे विश्व में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सरकार व अन्य संस्थाओं द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है।

आज देश में करीब 48 प्रतिशत महिलाएं हैं जो हर क्षेत्र में अपना पूरा दायित्व निभाते हुए न केवल एक स्वच्छ समाज की संरचना में अपना योगदान दे रही है बल्कि विभिन्न पदों पर आसीन होकर राष्ट्र के नवनिर्माण में भी अपने अहम भूमिका निभा रही है। आज के युग में महिला अपनी शक्ति खुद पहचान रही है और भगवान की वह कृति है जिसके बिना मनुष्य जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है इसलिए महिला को शक्ति के नाम से भी पहचाना जाता है। हमारे देश में लिंगानुपात न बिगड़े इसके लिए सदियों पहले हमारे ऋषि मुनियों ने कई ऐसे पर्व बनाए जिनमें कन्याओं को एक शक्ति के रूप में पूजा गया है। आज सरकार भी कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराध करने वालों पर पूरा शिकंजा कस रही है। बेटियों को इस दुनिया में न लाने की चाह और भेदभाव की मानसिकता सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की नहीं है तथाकथित संपन्न वर्ग की भी यही मानसिकता है। वो लोग यह भूल जाते हैं कि यह जीवन हमें जिस शक्ति से मिला है उसी की हत्या कर पाप के भागीदार बन रहे हैं। वे लोग यह भी भूल जाते हैं कि महिलाएं दो परिवारों का नाम रोशन करती हैं इसलिए हमें महिलाओं का सम्मान करना चाहिए।



गीतांजली खुल्लर कोट ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लड़कियां आज भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह रही है बड़े-बड़े कस्बों में भी सरकार द्वारा कोई ऐसा संस्थान नहीं खोला गया है जहां में शिक्षा ग्रहण कर सके। उन्होंने कहा कि महिला ही पूरे समाज को एक सूत्र में बांधकर रखती हैं। महिलाएं घर परिवार की पूरी जिम्मेदारी निभाती है। इनका पूरा मान सम्मान करना चाहिए।

स्मिता शर्मा रामगढ़ का कहना है कि किसी भी समाज का आईना महिला ही होती है । उन्हें संस्कारवान बनाना चाहिए । लड़कियों को पढ़ाई अवश्य करवानी चाहिए और उन्हें अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए जो कि भविष्य में उनके काम आता है।



**सुरेश** चौधरी रामगढ़ का कहना है कि महिला पर पुरुष से ज्यादा हर क्षेत्र की जिम्मेवारी होती है उसे घर परिवार के हर कार्य में निर्णय भूमिका निभानी होती है बिना महिला के पूरा परिवार अपने आप को अधूरा महसूस करता है महिला ही बच्चों संस्कारवान बनाकर उन्हें हर क्षेत्र में अग्रणी बनती है । उन्होंने कहा कि आज स्थिति बदल गई है पहले महिलाएं पुरुषों पर आश्रित होती थी लेकिन आज पुरुषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर हर कार्य में अग्रणी बनी हुई है ।



## पंजाब बजट 2026-27: पंजाब सरकार ने पेश किया 2.36 लाख करोड़ का बजट, महिलाओं को दी बड़ी सौगात

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़,** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवारको कुल 2,60,437 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव के साथ वर्ष 2026-27 के लिए आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार का पांचवां बजट पेश किया। बजट में अनुमानित 10 प्रतिशत विकास दर के साथ राज्य की जीएसडीपी 9,80,635 करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेश किए गए इस बजट में 'मुख्यमंत्री मावां-धियां सत्कार योजना' शुरू की गई है, जिसके तहत सामान्य वर्ग की महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये तथा दलित वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस बजट को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान द्वारा दी गई सभी प्रमुख चुनावी गारंटियों को पूरा करने वाला बजट बताया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्व घाटा जीएसडीपी का 2.06 प्रतिशत और वित्तीय घाटा 4.08 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सरकार ने जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए काम किया है और इस बजट को 'सभी गारंटियां पूरी करने वाला बजट' बताया। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब में लगभग 97 प्रतिशत वयस्क महिलाओं को कवर करते हुए इस योजना के लिए 9,300 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिसमें पहले से सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं को भी शामिल किया गया है।



वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा जारी रखते हुए 600 करोड़ रुपये, 27,000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों को कवर करने वाली एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के लिए 932 करोड़ रुपये तथा जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों को मुफ्त सेनेटरी पैड प्रदान करने के लिए नई दिशा योजना के लिए 65 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

# पंजाब बजट 2026-27 में शिक्षा के लिए 19,279 करोड़ का रिकॉर्ड प्रावधान : बैंस

- 'पंजाब सिखिया क्रांति' को मिलेगा नया बल, शिक्षा के लिए रिकॉर्ड बजट
- पंजाब में शिक्षा सुधारों को गति, बजट में 19,279 करोड़ रुपये का प्रावधान
- शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश, 'शिक्षा क्रांति 2.0' से बदलेगा पंजाब का भविष्य



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब बजट 2026-27 को सकारात्मक बदलाव और ऐतिहासिक करार देते हुए शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने आज शिक्षा क्षेत्र के लिए रिकॉर्ड 19,279 करोड़ रुपये के बजट की सराहना की, जो पिछले साल की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य की शिक्षा प्रणाली मिसाली सुधारों के कारण तेजी से पूर्ण संरचनात्मक क्रांति की ओर बढ़ रही है। वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा द्वारा आज पंजाब विधानसभा में पेश किए गए बजट पर बोलते हुए श्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि यह बजट पंजाब के भविष्य का वह खाका है, जिसे नए अवसरों और उत्कृष्टता के अक्षरों में लिखा गया है। मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुवाई में हम 'पंजाब सिखिया क्रांति' के अपने वादे को पूरी तरह हकीकत में बदल रहे हैं। हमने स्कूलों के अकादमिक नतीजों में देश भर में शीर्ष स्थान हासिल किया है और यह बजट हमारे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर मुकाबले के योग्य बनाकर बड़ी मंजिलें हासिल करने के हमारे प्रयासों को और बल देगा।

राज्य के लिए एक और दूरदर्शी पहल का जिक्र करते हुए श्री बैंस ने कहा कि राज्य सरकार ने विश्व बैंक के सहयोग से छह वर्षों में 3,500 करो? रुपये के निवेश के माध्यम से 'शिक्षा क्रांति 2.0' शुरू करने का फैसला किया है। यह पंजाब के इतिहास में सबसे बड़े शिक्षा सुधार निवेशों में से एक है और राज्य द्वारा पूरे शिक्षा ढांचे में बड़े पैमाने पर मिसाली सुधार किए जा रहे हैं। बुनियादी साक्षरता को मजबूत करने और हमारे शिक्षकों को सशक्त बनाने से लेकर शासन को आधुनिक बनाने और संरचनात्मक रोजगार अवसर स्थापित करने तक यह मिशन विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करेगा।

शिक्षा मंत्री ने भारत सरकार के 'परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण -2024' का हवाला देते हुए कहा, जहां पंजाब ने स्कूली नतीजों में केरल को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया था, कि बजट प्रत्यक्ष सफलता की मजबूत आधारशिला है। श्री हरजोत सिंह बैंस ने गर्व से कहा, ''हमारी प्रतिबद्धता के नतीजे आज प्रत्यक्ष दिखाई दे रहे हैं,'' अब यह जग जाहिर है कि 305 सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने पहली जे.ई.ई. मेन-? परीक्षा पास की है। जो यह साबित करता है कि उत्कृष्टता कुछ चुनिंदा प्रभावशाली लोगों का निजी अधिकार नहीं बल्कि पंजाब के हर बच्चे का हक है। उन्होंने आगे बताया कि 400 करोड़ रुपये के निवेश से सरकारी स्कूलों में 38,649 डेस्कटॉप कंप्यूटर और 8,268 इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल लगाए जा रहे हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हरेक सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक आधुनिक कंप्यूटर लैब हो। पंजाब सरकार सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बात ही नहीं कर रही है बल्कि राज्य भविष्य को सीधे विद्यार्थियों के हाथों में सौंप रहा है। यह उन उपलब्धियों पर आधारित है जहां 99 प्रतिशत स्कूलों में अब चारदीवारी है और एक लाख से अधिक नए डेस्क यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी बच्चा जमीन पर न बैठे। राज्यव्यापी करियर काउंसलिंग फ्रेमवर्क के बारे में विस्तार से साझा करते हुए श्री बैंस ने कहा कि लगभग 7.35 लाख विद्यार्थियों को कवर करने वाला यह फ्रेमवर्क, एक नए समर्पित पोर्टल के माध्यम से युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसरों के बारे में उचित निर्णय लेने में सहायता करेगा। स्कूली शिक्षा के अलावा श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेज बहादुर साहिब जी के नाम पर एक विश्व स्तरीय यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में सरकारी आई.टी.आई. में सीटों की संख्या 35,000 से बढ़ाकर 52,000 कर दी गई है। इसके अलावा 11 जेलों में आई.टी.आई. चलाने की एक अग्रणी पहल है ताकि हुनर विकास के माध्यम से सामाजिक पुनर्वास का रास्ता प्रशस्त किया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि राज्य भर में 11 आई.टी.आई. को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में भी अपग्रेड किया जाएगा। शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने जोर देकर कहा कि पंजाब का असली धन इसके क्लासरूमों और बच्चों के सपनों में है। वर्ष 2026-27 का बजट उज्ज्वल भविष्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें शिक्षा के लिए 19,279 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है।

## जन-हितैषी बजट से समाज के हर वर्ग की प्रगति के लिए नए रास्ते खुलेंगे: डॉ. बलजीत कौर

**महिला सशक्तिकरण को बड़ा बल—महिलाओं के लिए प्रति माह 1000 की वित्तीय सहायता**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब विधानसभा में पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए इसे कल्याण और सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रित एक प्रगतिशील तथा जन-हितैषी बजट बताया। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने तथा आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने वाला बजट पेश करने के लिए बधाई दी। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मावां-धियां सत्कार योजना के तहत 9300 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1000 प्रति माह और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 1500 प्रति माह की वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर की गई यह घोषणा महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत पंजाब की लगभग 97 प्रतिशत पात्र महिलाओं को लाभ मिलेगा, जिससे पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है जो सबसे अधिक संख्या में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करना, घरेलू निर्णय-निर्माण में उनकी भूमिका बढ़ाना, स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े परिणामों में सुधार करना तथा लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यह योजना पंजाब सरकार के इस दृढ़ संकल्प को दर्शाती है कि महिलाओं का सशक्तिकरण एक मजबूत और प्रगतिशील समाज की आधारशिला है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा को जारी रखने के लिए 600 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे रोज़गार, शिक्षा और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा करने वाली लाखों महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 6150 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे राज्य के 36 लाख से अधिक लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। इसके अतिरिक्त नई दिशा योजना के तहत जरूरतमंद महिलाओं को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने के लिए 65 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि आशीर्वाद योजना के अंतर्गत 360 करोड़ रुपये, विभिन्न छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के लिए 261 करोड़ रुपये तथा आदर्श ग्राम योजना के लिए 75 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जो समाज के पिछड़े वर्गों के कल्याण और गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि पंजाब के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का एक सशक्त रोडमैप है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि महिलाओं, बुजुर्गों, गरीबों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक



मजबूती सुनिश्चित करना पंजाब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में यह जन-हितैषी बजट लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और पंजाब को समावेशी विकास तथा सामाजिक न्याय की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

## ग्रामीण विकास और पर्यटन को बड़ा बढ़ावा

**चंडीगढ़।** पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत तथा पर्यटन मंत्री श्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा का मन से धन्यवाद किया कि उन्होंने राज्य के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में और तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण ग्रामीण कल्याण योजनाओं के लिए उचित बजट प्रावधान किए हैं। मंत्री ने पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग के लिए बजट में वृद्धि करने के लिए भी उनका धन्यवाद किया क्योंकि पंजाब सरकार धार्मिक समागमों को गहरी श्रद्धा के साथ मनाने के साथ-साथ पंजाबियों की धार्मिक भावनाओं के प्रति भी पूरी तरह संवेदनशील है।

ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए सौंद ने कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ग्रामीण जन-जीवन को मजबूत करने, गांवों में स्थायी पूंजियां (असेट्स) बनाने और राज्य में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू करने के लिए प्रस्तावित 1500 करोड़ रुपये के बजट का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण परिवारों को मजदूरी सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार सृजन और गांवों में टिकाऊ असेट्स के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सौंद ने कहा कि वर्तमान वर्ष के दौरान इस योजना के तहत लगभग 1100 करोड़ रुपये पहले ही खर्च किए जा चुके हैं, जिससे ग्रामीण मजदूरों के लिए लगभग 223 लाख दिहाड़ियों का रोजगार दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए उचित बजट प्रबंधनों से कार्यों की निरंतरता, मजदूरी का समय पर भुगतान और ग्रामीण आबादी को निरंतर मजदूरी सहायता सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ग्रामीण आवास के लिए आवंटन का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने इस योजना को लागू करने में काफी तेजी लाई है और वर्तमान वर्ष के दौरान लगभग 76000 परिवारों को आवास सहायता दी गई है, जिसमें लगभग 30000 बाढ प्रभावित परिवार भी शामिल हैं। सौंद ने आगे कहा कि सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत एक लाख और घरों का प्रस्ताव है, जिसके लिए 800 करो? रुपये की व्यवस्था की गई है। इस प्रयास के तहत पंजाब के हजारों ग्रामीण परिवारों को मकान उपलब्ध करवाए जाएंगे। पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के क्षेत्र में किए गए घोषणाओं का स्वागत करते हुए सौंद ने कहा कि पंजाब सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान गुरु रविदास जी के 650वें जन्म दिवस को राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाने का फैसला किया है। शुरुआती उत्सव श्री गुरु रविदास जी यादगारी कॉम्प्लेक्स में होंगे, जो गुरु रविदास जी के तप स्थान के रूप में जाना जाता है, और इसके अलावा समानता, सद्भावना, श्रद्धा पर आधारित उनकी शिक्षाओं के सम्मान में पूरे साल राज्य भर में विभिन्न कार्यक्रम करवाए जाएंगे।

### एक नजर

#### महिला दिवस पर मिसाल: 'ड्रोन दीदी' बनकर खेती में नई तकनीक ला रहीं गुरदीप कौर



**श्री आनंदपुर साहिब।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल श्री आनंदपुर साहिब के नजदीक स्थित गंभीरपुर गांव में देखने को मिल रही है। यहां की रहने वाली गुरदीप कौर केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री ड्रोन दीदी योजना 2024 के तहत ड्रोन पायलट बनकर न सिर्फ अपने परिवार के लिए रोजगार का साधन बनी हैं बल्कि खेती में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। गुरदीप कौर को इफको कंपनी की ओर से ड्रोन चलाने की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। इस ट्रेनिंग के बाद उन्हें ड्रोन उड़ाने का प्रमाण पत्र भी दिया गया है। कंपनी द्वारा उन्हें 10 लाख का ड्रोन और करीब 5 लाख की एक थ्री-व्हीलर गाड़ी भी उपलब्ध करवाई गई है। इसके जरिए वह ड्रोन और उससे जुड़ी सुविधाओं को एक गांव से दूसरे गांव तक आसानी से लेकर जा सकती हैं। गुरदीप कौर अब अलग-अलग गांवों में जाकर किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक दवाओं और खाद का छिड़काव कर रही हैं। ड्रोन की मदद से कम समय और कम खर्च में खेतों की देखभाल संभव हो जाती है। इससे किसानों को मजदूरी की कमी और बढ़ते खर्च से भी राहत मिल रही है। गुरदीप कौर ने बताया कि ड्रोन पायलट बनना उनके लिए गर्व की बात है। इस ट्रेनिंग के जरिए उन्हें नई तकनीक सीखने का मौका मिला है और अब वह अपने गांव और इलाके के किसानों की मदद कर रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक खेती तकनीकों को अपनाएं और ड्रोन की मदद से अपनी फसल की पैदावार बढ़ाएं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुरदीप कौर जैसी महिलाएं यह साबित कर रही हैं कि अगर अवसर मिले तो ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी नई तकनीक को अपनाकर न केवल अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं, बल्कि समाज और कृषि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

#### मोल्दोवा सीमा पर दबोचा गया गैंगस्टर अमृतपाल सिंह, जग्गू भगवानपुरिया गैंग का है करीबी

**चंडीगढ़.** पंजाब के व्यापारियों को जबरन वसूली के लिए धमकाने और जग्गू भगवानपुरिया गिरोह से जुड़े वांछित गैंगस्टर अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत दलम को मोल्दोवा सीमा पर हिरासत में ले लिया गया है। पंजाब पुलिस की ओर से जारी इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। डीजीपी गौरव यादव ने शनिवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अमृतपाल लंबे समय से विदेश में रहकर अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के अनुसार, अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत दलम पंजाब के कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित है। वह विशेष रूप से अमृतसर और गुरदासपुर क्षेत्र के व्यापारियों और संपन्न व्यक्तियों को निशाना बनाकर उनसे फिरौती मांगता था। विदेश में बैठकर वह जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के लिए काम कर रहा था और अपने स्थानीय सहयोगियों के माध्यम से दहशत फैला रहा था। डीजीपी ने कहा कि उसकी हिरासत अंतरराष्ट्रीय पुलिस समन्वय और निरंतर की गई कार्रवाई का परिणाम है।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सिंगापुर में ट्रेनिंग के लिए स्कूल प्रिंसिपलों के बैच को हरी झंडी दिखाई

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को सिंगापुर में प्रिंसिपल एकेडमी में ट्रेनिंग के लिए 30 सरकारी स्कूल प्रिंसिपलों के 8वें बैच को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल का मकसद शिक्षकों को ग्लोबल टीचिंग प्रैक्टिस से परिचित कराना और प्रदेश के पब्लिक एजुकेशन सिस्टम को और मजबूत करना है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई राजनीतिक मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पंजाब इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 का कड़ा विरोध करेगा। साथ ही, उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार, कांग्रेस और



शिरोमणि अकाली दल के चीफ सुखबीर बादल पर निशाना साधा। सीएम मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज, पंजाब के सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों का एक और बैच ट्रेनिंग के लिए सिंगापुर के लिए रवाना हुआ। मैं इस मौके पर उनसे मिला, उन्हें शुभकामनाएं दीं और इस ट्रिप को सफल बनाने के लिए उनकी हिम्मत बढ़ाई। उन्होंने आगे लिखा, हमारी सरकार का लक्ष्य यह पक्का करना है कि पंजाब के बच्चों को वर्ल्ड-क्लास, क्वालिटी एजुकेशन मिले। इसी विजन के साथ, हम अपने टीचरों और प्रिंसिपलों को लगातार इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग के मौके दे रहे हैं, ताकि वे नए और मॉडर्न तरीके सीख सकें और पंजाब के एजुकेशन सिस्टम को और मजबूत कर सकें। हमारा लक्ष्य सिर्फ स्कूल बनाना नहीं है, बल्कि एक ऐसा एजुकेशन सिस्टम बनाना है जो पंजाब के हर बच्चे को बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने की ताकत दे। मीडिया से बात करते हुए सीएम मान ने कहा, सरकारी स्कूलों के हेड्स को वर्ल्ड-क्लास एक्सपीरियंस देने के लिए, 30 प्रिंसिपल्स का आठवां बैच 8 से 14 मार्च तक सिंगापुर में प्रिंसिपल एकेडमी में ट्रेनिंग के लिए जा रहा है। अब तक 234 प्रिंसिपल्स और एजुकेशन ऑफिसर्स वाले आठ बैच ट्रेनिंग के लिए सिंगापुर भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम के लिए एक ट्रांसपेरेंट सिलेक्शन प्रोसेस अपनाया गया है, जिसके बाद डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर्स ने चुने गए प्रिंसिपल्स का वेरिफिकेशन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान, इन प्रिंसिपल को विदेशों में चल रहे मॉडर्न टीचिंग तरीकों के बारे में पता चलता है। लौटने के बाद, वे इन तरीकों को स्टूडेंट्स और साथियों के साथ शेयर करते हैं ताकि हमारे स्टूडेंट्स को शिक्षा के ग्लोबल स्टैंडर्ड का अनुभव हो सके। यह नई पहल राज्य के एजुकेशन सिस्टम में नई जान डाल रही है और ये टीचर स्टूडेंट्स के लिए अच्छी शिक्षा पक्का करके बदलाव लाने वाले एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं।

## पंजाब को बदहाली से उबारेगी भाजपा : सुनील जाखड़

**लुधियाना.** पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आधुनिक भारत का लौह पुरुष करार देते हुए कहा है कि राज्य की जनता 14 मार्च को मोगा में होने वाली उनकी रैली का बेसब्री से इंतजार कर रही है। शनिवार को लुधियाना में रैली की तैयारियों की समीक्षा के बाद जाखड़ ने कहा कि गंभीर आर्थिक संकट और असुरक्षा के बीच लोग भाजपा के मजबूत नेतृत्व की ओर देख रहे हैं। जाखड़ ने आरोप लगाया कि पंजाब में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच %जुगलबंदी% चल रही है और कांग्रेस ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने विपक्षी नेता प्रताप सिंह बाजवा को चुनौती दी कि वे पीआरटीसी बसों को रंगने के लिए जयपुर भेजने का मुद्दा विधानसभा में उठाएं। जाखड़ ने तंज कसा कि क्या पंजाब के पेंटर्स में हुनर नहीं बचा जो ठेके राज्य से बाहर दिए जा रहे हैं? महिला सुरक्षा और अधिकारों पर बोलते हुए जाखड़ ने मांग की कि सरकार बजट में महिलाओं के पिछले 48 महीनों के 48,000 रुपये के बकाये की घोषणा करे। उन्होंने वैभव कुमार की भूमिका पर भी सवाल उठाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान, जतिंदर मित्तल, परमिंदर सिंह बराड़ और डॉ. सतीश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



## नशे के खिलाफ पंजाब का 'डेटा वार', पहली बार होगी ड्रग्स व सामाजिक-आर्थिक जनगणना

पंचकूला ऑब्जर्वर

नशे की चुनौती से जूझ रहे पंजाब में अब सरकार आंकड़ों के आधार पर निर्णायक लड़ाई लड़ने की तैयारी में है। राज्य सरकार पहली बार ड्रग्स और सामाजिक-आर्थिक जनगणना करवाने जा रही है, जिसके लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने रविवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए इसकी घोषणा की। सरकार का मानना है कि नशे के खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने के लिए सबसे पहले विश्वसनीय और सटीक आंकड़े जुटाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से यह विशेष जनगणना कराई जाएगी, जिससे राज्य में नशे की वास्तविक स्थिति, प्रभावित वर्गों और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों की विस्तृत तस्वीर सामने आएगी। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने




बताया कि इस जनगणना की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं और अप्रैल माह से इसकी शुरुआत कर दी जाएगी। इसके लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है, जिससे डेटा संग्रह की प्रक्रिया पारदर्शी और सटीक बनाई जा सके। सरकार के अनुसार इस डिजिटल प्रणाली के माध्यम से जनगणना से जुड़े सभी आंकड़े सुरक्षित रूप से एकत्र किए जाएंगे और उनका विश्लेषण किया जाएगा। इससे नशे के नेटवर्क, प्रभावित क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक कारणों की गहराई से पड़ताल हो सकेगी।

राज्य सरकार का कहना है कि इस जनगणना से प्राप्त जानकारी के आधार पर साक्ष्य आधारित नीति बनाई जाएगी। इससे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। अभी तक नशे के मुद्दे पर अनुमान और सीमित आंकड़ों के आधार पर नीतियां बनती रही हैं। पहली बार व्यापक डेटा उपलब्ध होने से सरकार को यह समझने में मदद मिलेगी कि किन क्षेत्रों और किन सामाजिक वर्गों में समस्या अधिक गंभीर है और वहां किस तरह के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। नशे के खिलाफ सरकार ने गांव स्तर पर भी निगरानी व्यवस्था मजबूत करने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य में 12 हजार ग्राम रक्षा समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों के माध्यम से करीब 1.25 लाख लोगों को 'पिंड दा पहरेदार' बनाया गया है, जो गांवों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और प्रशासन को सूचना देंगे। सरकार का दावा है कि सामुदायिक भागीदारी से नशे के खिलाफ अभियान को और मजबूती मिलेगी तथा गांव स्तर पर जागरूकता भी बढ़ेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के तहत बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। अब तक 52,331 तस्करों के खिलाफ 36,686 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इसके अलावा 33 हजार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। सरकार का कहना है कि इस अभियान के चलते ड्रग तस्करी के नेटवर्क पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और आने वाले समय में इसे और तेज किया जाएगा।

## पंजाब में नयी औद्योगिक नीति को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**चंडीगढ़.** पंजाब कैबिनेट ने शनिवार को औद्योगिक और व्यापार विकास नीति 2026 को मंजूरी दे दी, जिसमें राज्य में नयी इकाइयां लगाने वाले निवेशकों के लिए कई वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन तय किए गए हैं। सरकार को इस नीति के चलते इस वर्ष लगभग 75,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। यह नीति 13-15 मार्च को होने वाले 'प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट' से ठीक पहले घोषित की गई है। यह केवल नये निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि अपनी मौजूदा इकाइयों का आधुनिकीकरण या विस्तार करने वालों पर भी लागू होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह नीति मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और उभरती तकनीक के क्षेत्रों में पंजाब को प्रमुख निवेश केंद्र बनाने में मदद करेगी। पंजाब के उद्योग और निवेश प्रोत्साहन मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि राज्य में पहली बार औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष औद्योगिक नीति तैयार की गई है। इसके तहत औद्योगिक क्षेत्र के 24 अलग-अलग सेक्टरों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह नीति उद्योग जगत के बड़े, मध्यम और छोटे उद्योगपतियों के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई है। पहली बार मैन्युफैक्चरिंग, आईटी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) में निवेश करने वाले निवेशकों को 20 अलग-अलग प्रोत्साहन विकल्पों में से अपना पैकेज बनाने की छूट दी गई है। इसके लिए निवेश की न्यूनतम सीमा मैन्युफैक्चरिंग में 500 करोड़, आईटी में 250 करोड़ रुपये और जीसीसी में 1,000 से अधिक रोजगार है। नीति में 9 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है- फूड प्रोसेसिंग, स्पोर्ट्स गुड्स, टेक्सटाइल और संबद्ध उद्योग, एग्रो वेस्ट प्रोसेसिंग, ऑटो और ऑटो कंपोनेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर, आईटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रक्षा और एयरोस्पेस। इन क्षेत्रों को 25 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। सीमा से लगे छह जिलों और कंडी क्षेत्र में आने वाले उद्योगों को भी अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।

# बेटियों की उपलब्धियों से विश्व में बनी है हरियाणा की पहचान : सुमन सैनी

## हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में की शिरकत

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली कर्मचारियों व विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व युवतियों को किया सम्मानित

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमें हरियाणा की उन बेटियों और महिलाओं पर गर्व है जिन्होंने अपनी मेहनत, साहस और प्रतिभा से न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। हरियाणा की धरती, जिसे कभी केवल किसानों और जवानों की भूमि कहा जाता था, आज बेटियों की उपलब्धियों के कारण पूरे विश्व में पहचानी जा रही है। हरियाणा की बेटियां आज अपना खेल, विज्ञान, शिक्षा, सेना, प्रशासन और अंतरिक्ष तक अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को लाडवा में महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों और विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली युवतियों, महिलाओं और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत लाखों महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

अब तक 9 लाख से अधिक बहनों को इस योजना का लाभ मिल चुका है और उनके खातों में 4 किस्तों में 634 करोड़ रुपये की राशि भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना के बजट को बढ़ाकर 6 हजार 500 करोड़ रुपये कर दिया गया है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम परिणाम में हरियाणा की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट परिचय दिया है। देश की सर्वोच्च संसद में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम तब उठाया गया जब संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 एक ऐतिहासिक कानून बनाकर महिलाओं की 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है। आज हरियाणा के गांवों में बड़ी संख्या में महिलाएं सरपंच, पंच और अन्य पदों पर चुनी जा रही हैं और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने गांवों के विकास में योगदान दे रही हैं।

### 3 लाख बेटियों को निशुल्क लगेगी एचपीवी की वैक्सीन

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि आज पढ़ी-लिखी और जागरूक महिलाएं आगे आकर नेतृत्व कर रही हैं। गांवों में शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण और सामाजिक सुधार जैसे कार्यों में महिलाओं की भूमिका साफ दिखाई देती है। उन्होंने कहा आज हरियाणा में जो पढ़ी-लिखी और जागरूक पंचायतों की तस्वीर दिख रही है, उसमें हमारी बहनों और बेटियों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 3 लाख बेटियों को एचपीवी वैक्सीन नि-शुल्क लगाई जाएगी। हमारी जिन बेटियों की आयु 14 वर्ष हो गई है परंतु 15 वर्ष नहीं हुई है। यह हमारी बेटियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। ताकि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सके।

### 316 डेयरी इकाइयां महिलाओं ने की स्थापित

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि पिछले बजट में महिलाओं को दुधारू पशु खरीदने के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देने की योजना शुरू की गई थी। इसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। पिछले वर्ष स्थापित 943 डेयरी इकाइयों में से 316 डेयरी इकाइयां महिलाओं द्वारा स्थापित की गई हैं। इसके साथ ही 2 हजार नए वीटा बूथ और मिल्क बार खोलने जाएंगे। इन बूथों के आवंटन में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार पिंक कैब योजना शुरू कर रही है। इस योजना के तहत महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा और इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। महिलाएं रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकेंगी।

## एक नजर

### महिला सशक्तिकरण निरंतर प्रयास से ही संभव : वंदना मिश्रा

**यमुनानगर.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यमुनानगर से मनोवैज्ञानिक वंदना मिश्रा ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि समाज के लिए अपनी जिम्मेदारियों को समझने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना एक सतत सामाजिक प्रक्रिया है, जिसे केवल एक दिन के कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। वंदना मिश्रा ने कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और परिवार की संरचना में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एक महिला मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में परिवार को मजबूती प्रदान करती है। इसलिए महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण की बात तो व्यापक स्तर पर की जाती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भी कई महिलाएं अपने सपनों को पूरा करने के लिए आवश्यक अवसरों से वंचित रह जाती हैं। सामाजिक परंपराएं, पारिवारिक जिम्मेदारियां और आर्थिक परिस्थितियां कई बार उनके मार्ग में बाधा बन जाती हैं। इसके बावजूद जो महिलाएं दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं, वे कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य हासिल करने में सफल होती हैं। पिछले कई वर्षों से बच्चों और महिलाओं से जुड़े सामाजिक कार्यों में सक्रिय वंदना मिश्रा का मानना है कि महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान और समान अवसर की भावना को मजबूत करना होना चाहिए। उन्होंने बताया कि उनकी बहू पेशे से सर्जन हैं और महिला मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समय-समय पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को उपचार और परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज की जरूरतमंद महिलाओं की सेवा से उन्हें गर्व और संतोष की अनुभूति होती है। महिलाओं की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि महिला दिवस तभी सार्थक होगा जब हर महिला को सम्मान और समान अवसर प्राप्त होंगे।

### दिव्यांग बच्चों ने चित्रकारी के माध्यम से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**यमुनानगर.** यमुनानगर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्थान संस्थान की कोशिश इकाई में दिव्यांग बच्चों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित सुंदर चित्रकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के भीतर रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के संदेश को समाज तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉ. अंजू बाजपेई ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका और योगदान को सम्मान देने का भी महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष महिला दिवस की थीम गिव टू गेन रखी गई है, जो उदारता, सहयोग और पारस्परिक समर्थन की भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि जब समाज, संस्थाएं और समुदाय मिलकर महिलाओं के उत्थान के लिए सहयोग करते हैं तो उनके लिए अवसरों के नए द्वार खुलते हैं। महिलाओं की प्रगति से परिवार, समाज और राष्ट्र सभी सशक्त होते हैं। उन्होंने कहा कि महिला अपने भीतर सृजन, पोषण और परिवर्तन की अपार शक्ति समेटे हुए होती है और जब वह आत्मविश्वास के साथ घर की सीमाओं से बाहर निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देती है तो समाज के विकास को नई दिशा मिलती है। इस अवसर पर महान शिक्षाविद डॉ. पी. के. बाजपेई ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक उपलब्धियों को सम्मानित करने का दिन है। उन्होंने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार दिलाने और उनके साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने के प्रति समाज को जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान से प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा, स्वाति ठाकुर, सुमित सोनी, हनी तोमर, राजेश दीपा और सन्नी सहित अन्य सदस्यों ने भी सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की बनाई चित्रकृतियों की सराहना की गई।

### साध संगत ने जरूरतमंद बेटी के विवाह में की आर्थिक मदद

**टोहाना.** वर्षो से साध संगत पूज्यनीय गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम जी इंसा की पावन शिक्षा पर चलते हुए भाटिया नगर जोन वार्ड नंबर 3 की सॉध संगत ने आज एक दमकोरा रोड पर जॉन जिम में जरूरत परिवार की बेटी के विवाह का आयोजन समारोह किया। जिसमें सभी साध संगत प्रेमियों ने अपना आर्थिक आशीर्वाद जरूरत मंद दिव्यांग बेटी को दिया। इस अवसर पर आए सभी धर्म प्रेमियों ने विवाह के लिए आवश्यक घरेलू सामान उपहार स्वरूप देकर बेटी का मान बढ़ाने का कार्य किया। इस मौके पर जिम्मेवार सेवादारों ने बताया कि पूजनीय गुरु जी की कृपा से डेरा श्रद्धालु निरंतर मानवता की भलाई के कार्य में लगे हुए हैं। उन्हें कार्यों में एक सेवा आज एक जरूरतमंद बेटी के विवाह के समय उनकी आर्थिक मदद कर सेवा की गई जो लड़की की शादी आज डेरा प्रेमियों ने कार्रवाई वह दिव्यांग थी और लड़की के परिजनों ने बताया कि वह आर्थिक रूप कमजोर स्थिति को देखते हुए साध संगत ने मदद करने का निर्णय लिया हर प्रकार की तरह साध संगत शहर में हर सहयोग देने के लिए हर समय तैयार रहती हैं और त्वरित रूप से कार्य करने में सक्षम है इस पुण्य के कार्य में प्रेमी सेवक ज्वाला इंसा ,सच्ची प्रेमी समिति के सेवादार रूढ़ा राम,शशि पाल, कर्ण ,मंगल, तेजाराम तथा प्रेमी भी रघुवीर, रंजीत मोंगा ,बलराम व सेवादार बहने इंसा व साध संगत दमकोरा रोड पर जॉन जिम प्रेमी चरणदास बंसल व पंकज बंसल आदि समारोह में उपस्थित थे।

### हमें पशुओं के प्रति सहानुभूति रखने की शपथ लेनी चाहिए : प्रदीप सैनी

**रादौर.** सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि विश्व पशु दिवस के अवसर पर हमें पशुओं के प्रति सहानुभूति व दया रखने की शपथ लेनी चाहिए। हमें पशुओं पर अत्याचार नहीं करने चाहिए। पशुओं का भी हमारे की तरह अपना जीवन व संसार होता है। आज दुनियाभर में पशुओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे है। पशुओं पर बढ़ते अत्याचारों को रोकने के लिए दुनियाभर में अनेक संगठन कार्यरत है। इसके बावजूद पशुओं के साथ क्रूरता बढ़ती जा रही है। हमारे देश में भी पशुओं की सुरक्षा के लिए अनेक कानून बनाए गए है। जिससे पशुओं की सुरक्षा हो सके। लेकिन इसके बावजूद पशुओं को लोग क्रूरता से मारने का काम कर रहे है। पशुओं के मारने पर हजारों व लाखों रुपए जुर्माना करने के अलावा कई कई वर्षों की सजा का भी सरकार ने प्रावधान किया हुआ है। इसके बावजूद पशुओं को मारने की घटनाएं आम हो रही है। हम सबको मिल जुलकर पशुओं पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए आगे आना चाहिए। तभी हम विश्व पशु दिवस जैसे दिन की गरिमा को बढ़ा सकते है।

## महंगाई की मार से गरीबों व मध्यम वर्ग का जीना दुश्वार: हुड्डा

**चंडीगढ़.** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा बढ़ती महंगाई, विदेशी दबाव और राज्यसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया दी है। हुड्डा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार में महंगाई लगातार विकराल होती जा रही है।

पेट्रोल-डीजल के बाद लगातार गैस सिलेंडर के दामों में हो रही बढ़ोतरी गरीब व मध्यम वर्ग की जेब पर सीधा डाका है। कमरतोड़ महंगाई के चलते आम आदमी का जीन दुश्वार हो गया है। हुड्डा ने जोर देकर कहा कि सरकार को कम से कम रसोई में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक वस्तुओं जैसे गैस, तेल और अन्य खाद्य सामग्रियों के दामों पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि लोग कम से कम दो जून की रोट तो खा सकें। लेकिन ऐसा करने की बजाए गैस के रेट को बढ़ाना जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। इसके अलावा, हुड्डा ने अंतरराष्ट्रीय तेल आयात जैसे महत्वपूर्ण फैसलों पर अमेरिकी दबाव का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार की विदेश नीति पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि आज की स्थिति ऐसी हो गई है कि तेल लाने जैसे बुनियादी निर्णयों के लिए भी सरकार को दूसरे देशों से सर्टिफिकेट लेना पड़ रहा है और 30 दिनों की मोहलत मांगी जा रही है। यह शर्मनाक है कि एक आजाद देश होने के बावजूद हमें किसी अन्य राष्ट्र से इजाजत लेनी पड़ रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि जो डील हुई है, वह दबाव में हुई है और देश की संप्रभुता पर सवाल खड़े करती है। राज्यसभा चुनाव को लेकर हुड्डा ने एक बड़ा बयान देते हुए स्पष्ट किया कि चुनाव में कांग्रेस की जीत तय।

आंकड़ों के मुताबिक एक सीट बीजेपी के खाते में जाएगी और दूसरी कांग्रेस जीतेगी। लेकिन बीजेपी ने अपने दो उम्मीदवार चुनाव में उतारे है,ऐसे में बीजेपी को तय करना है कि वो अपने 2 उम्मीदवारों में से किसे जितवाना चाहती है। क्योंकि आकंड़ों के मुताबिक उसके खाते में सिर्फ एक ही सीट जाएगी। और दूसरी सीट पर कांग्रेस अपनी सीट सुनिश्चित करेगी।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**सांपला,** भारतीय जनता पार्टी के सांपला मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन पुरानी अनाज मंडी, सांपला में 07और 08 मार्च को किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

शिविर का उद्देश्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियों तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग के विषय में प्रशिक्षण प्रदान करना था, ताकि कार्यकर्ता समाज के बीच अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें वरिष्ठ वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों और कार्य विस्तार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रथम सत्र में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास और उसकी वैचारिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए डॉ. दिनेश घिलौड़ ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक व्यापक जनआंदोलन है। वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। दूसरे सत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री रमेश भाटिया ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले वर्षों में विकास और पारदर्शिता के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की गई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की इन उपलब्धियों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। तीसरे सत्र में संगठन के कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर सत्येन्द्र परमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भाजपा का संगठन देश के प्रत्येक बूथ तक मजबूत होना चाहिए।

## पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ कल निकाली जाएगी ट्रैक्टर यात्रा: चहल

**कैथल.** भारतीय किसान यूनियन चढूनी संगठन की टीम गांव देवबन में राजेश जागलान के निवास पर पहुंची और किसानों की बैठक ली। इस मौके पर राजेश जागलान को संगठन का जिला सचिव नियुक्त किया गया। राजेश ने किसानों को आश्वासन दिया कि वे किसानों की लड़ाई में तन मन धन से सहयोग करेंगे और 10 मार्च को सरकार के खिलाफ होने वाले ट्रैक्टर मार्च में गांव देवबन से ट्रैक्टरों का काफिला लेकर कैथल पहुंचेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष महाबीर चहल नरड़ ने कहा कि सरकार किसानों के साथ अन्याय व अत्याचार कर रही है जिसके कारण 10 मार्च को पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ ट्रैक्टर यात्रा निकाली जाएगी। चहल ने कहा कि किसानों द्वारा 23 मार्च को पीपली में किसान मजदूर जन क्रांति रैली का आयोजन किया गया है जिसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से भारी संख्या में किसान मजदूर शामिल होंगे। रैली का उद्देश्य किसानों के हित में आवाज बुलंद करना, भारत अमेरिका ट्रेड डील रद्द करना, स्वामीनाथन रिपोर्ट, किसान मजदूर कर्ज माफ़ी, न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी क़ानून, शिक्षा में सुधार करना, हॉस्पिटल में इलाज निशुल्क आदि है। अगर सरकार फिर भी कोई ध्यान न देगी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसका ऐलान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढूनी द्वारा किया जाएगा। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी ने 10 मार्च को कैथल में होने वाले ट्रैक्टर मार्च में किसानों को शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि सरकार की तानाशाही का जवाब देने के लिए सभी किसान संगठनों के एक साथ मिलकर आंदोलन करना होगा। जिला उपाध्यक्ष बलकार मलिक खुराना ने कहा सरकार को समय रहते कृषि प्रधान देश के किसान मजदूरो की मांगे मान लेनी चाहिए नहीं तो किसान आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर जिला महासचिव कृष्ण मालखेड़ी, दीप लेलर, सुरेंद्र गिल प्योदा, जोरा भैणी माजरा, डीसी चहल, बिंदर सिरटा, विकास नरड़, लक्ष्य मौन, धर्मा गुज्जर, राजपाल गुज्जर आदि मौजूद रहे।

## गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल में मनाया महिला दिवस




**समालखा.** गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल स्वाध्याय आश्रम, पट्टी कल्याणा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आयोजक, प्रायोजक, प्रतिभागी, अतिथि, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और साँस्कृतिक प्रस्तुति में भी केवल महिलाएं और लड़कियां सभी नें ब? च? कर हिस्सा लिया। । सभी प्रतिभागियों का समाज सेविका आशा वर्कर का स्वागत और सम्मान पुष्प-गुच्छ, स्टोल देकर किया। इस अवसर पर स्कूल की निदेशिका कमलेश गुलाटी ने सभी आये हुये महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि हम महिलाएं विश्व की आबादी का लगभग पचास प्रतिशत है लेकिन आबादी के अनुपात में हमें सुविधायें नहीं प्राप्त होती हैं। हमारे अधिकारों की बात हो, समान कार्य के लिये समान मज़दूरी की बात हो, महिलाओं की अस्मिता की बात हो, शिक्षा और स्वास्थ्य की बात हो हर जगह भेद भाव होता है। हमें लगातार मेहनत करते हुए अपने लिये रास्ता बनाने की आवश्यकता है। स्कूल की प्रबंधक श्रीमती सुनिता शर्मा ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि यदि हम अपने प्रांत हरियाणा की बात करें तो महिलाओं की स्थिति में सुधार की मिश्रित स्थिति है. लिंग अनुपात जो वर्ष 2014 में 871 था उसमें सुधार होकर 2025 में 923 हो गया. साक्षरता दर पुरुषों ( 84.श6 त्र) के मुकाबले अभी भी काफी कम (6त्र) है. रोजगार और कार्यों में महिलाओं की भागीदारी 28.08 प्रतिशत है जो अन्य राज्यों की तुलना में कम है. लेकिन सरकार की लाडो लक्ष्मी, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी और 50त्र पंचायत आरक्षण जैसी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, परंतु महिलाओं के प्रति अपराधों में कमी नहीं आ रही है।

छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रेरणादायक नृत्य और कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। रेखा गोयल शहरी महिला मंडल अध्यक्ष मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की नींव है और शिक्षा ही महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे सशक्त माध्यम है। डा. नेहा गुलाटी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। सोनिया शर्मा रेड क्रॉस सोसायटी पानीपत कि फस्ट एड ट्रेनर ने महिलाओं के उत्थान के बारे में जानकारी दी किरण मालिक मेम्बर बाल कल्याण समिति पानीपत , ईशा पवार , हेमलता रावत , किरण शरण, शशी मौजूद रहे इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, सुदेश, पूनम ,पूजा राठी , नेहा , संतोष, मीना ,शिवानी ,चेष्ठा , सोमवती व स्वाध्याय आश्रम परिवार की महिलाएं उपस्थित थीं. राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## इनेलो हमेशा से किसानों, मजदूरों की आवाज उठाने वाली पार्टी : अनिल तंवर

**कैथल.** गांव खरौदी में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इंडियन नेशनल लोकदल को उस समय मजबूती मिली जब गांव के सरपंच, पंच सहित अनेक ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का नेतृत्व इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर ने किया। इस अवसर पर गांव के करीब दो दर्जन लोगों ने पार्टी का पटका पहनकर औपचारिक रूप से इनेलो में शामिल होने की घोषणा की। इनमें कर्मजीत सिंह सरपंच, जगतार सिंह पंच, साहिल सिंह पंच, कुलदीप सिंह पंच, गुरध्यान सिंह पंच, मक्खन सिंह पंच, सुरेश सिंह पंच, नसीब सिंह, श्यामलाल, शशि गुर्जर, काला गुर्जर शामिल थे। अनिल तंवर ने पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर अनिल तंवर ने कहा कि इनेलो हमेशा से किसानों, मजदूरों और आम लोगों की आवाज उठाने वाली पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज लोग बदलाव चाहते हैं।

## दिल्ली कूच कर रहे प्रदर्शनकारियों को हरियाणा पुलिस ने रोका




**घरौंडा.** बसताड़ा टोल प्लाजा पर दिल्ली के जंतर-मंतर जा रहे जनरल वर्ग के उम्मीदवारों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को हरियाणा पुलिस ने रोक दिया। यूजीसी एक्ट को रोल बैक करने की मांग को लेकर पंजाब से दिल्ली जा रहे प्रदर्शनकारियों की बस को करीब डेढ़ घंटे तक टोल प्लाजा पर खड़ा रखा गया। प्रदर्शनकारी दिल्ली जाने की जिद पर अड़े रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी और आखिरकार बस को वापस पंजाब की ओर लौटा दिया।

रविवार को जनरल कैटेगरी वेल्फेयर फेडरेशन पंजाब और पीपीसीसी/एमपीसीसी के पदाधिकारी और उम्मीदवार दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बस करनाल के बसताड़ा टोल प्लाजा पर पहुंची तो हरियाणा पुलिस ने उसे रोक लिया। करीब डेढ़ घंटे तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत और जद्दोजहद चलती रही। पदाधिकारी दिल्ली जाने की मांग पर अड़े रहे, लेकिन पुलिस ने किसी को आगे नहीं जाने दिया। जनरल कैटेगरी वेल्फेयर फेडरेशन पंजाब के प्रधान कुलजीत सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे यूजीसी एक्ट के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से जंतर-मंतर पर धरना देने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पूरे देश के अलग-अलग राज्यों से लोग वहां पहुंच रहे थे और वे भी पंजाब से दिल्ली जा रहे थे, लेकिन हरियाणा सरकार और पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। उन्होंने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। कुलजीत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने यूपीएससी भर्ती 2026 में जो बदलाव किए हैं, वे सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के साथ बड़ा अन्याय हैं। उन्होंने कहा कि इन नए नियमों से सामान्य वर्ग के युवाओं का भविष्य प्रभावित होगा। विद्यार्थियों ने लंबे समय तक मेहनत करके परीक्षा की तैयारी की है और अचानक नियम बदलने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट के आधार पर होनी चाहिए। नए नियमों के कारण पारदर्शिता और समान अवसर को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की हत्या, आरोपी काबू

**टोहाना.** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में थाना भुना पुलिस ने महिला की हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया है। इस संबंध में थाना भुना में अभियोग दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव जांडली खुर्द में एक महिला को उसके पति द्वारा गंभीर चोटें मारी गई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इस दौरान शिकायतकर्ता राजबीर उर्फ राजू पुत्र लालीराम निवासी हसनगढ़ जिला हिसार ने अपने बयान में बताया कि उसकी बहन सुदेश की शादी सुखविंद्र सिंह उर्फ घोघड़ निवासी गांव जांडली खुर्द जिला फतेहाबाद के साथ हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी अक्सर उसकी बहन के साथ मारपीट करता था। शिकायतकर्ता ने बताया कि दिनांक 07 मार्च 2026 को उसे फोन पर सूचना मिली कि उसके बहनोई सुखविंद्र सिंह उर्फ घोघड़ ने उसकी बहन सुदेश पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर वह अपने परिवार के साथ गांव जांडली खुर्द पहुंचा, जहां उसकी बहन का शव घर के कमरे में फर्श पर पड़ा मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सुखविंद्र सिंह उर्फ घोघड़ पुत्र राजबीर सिंह निवासी गांव जांडली खुर्द जिला फतेहाबाद को काबू कर लिया। इस संबंध में अभियोग संख्या 50 दिनांक 07.03.2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत थाना भुना में मामला दर्ज किया गया है।

## दो दिवसीय सनातन वेद महोत्सव का समापन

**रादौर.** महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वी जन्म जयंती के उपलक्ष व आर्य समाज की 150 वी स्थापना दिवस व आर्य समाज रादौर द्वारा वार्षिक उत्सव के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय सनातन वेद महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह के अवसर पर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए हवन यज्ञ भी किया गया। वेदों के प्रगाढ़ ज्ञाता मदनदीप शास्त्री ने पूरी विधि विधान से वैदिक हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य मुख्यातिथि व आर्यवीर राष्ट्रीय चिंतक स्वामी सच्चिदानंद मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य ने स्वामी दयानंद की जीवनी के साथ वैदिक रामायण का गान कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता स्वामी सच्चिदानंद ने अपने संबोधन में कहा कि आज से 150 वर्ष पूर्व महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना की थी। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने महिला शिक्षा व महिलाओं के अधिकारों पर जोर दिया। उन्होंने समाज में फैले ढोंग, आडंबर, पाखंडवाद का जोरदार खंडन किया। स्वामी सच्चिदानंद ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों को यज्ञ के महत्व के बारे में विस्तार से बताया साथ ही सभी सनातनियों को वैदिक संस्कृति से जोडने् का आह्वान किया।



# रैपर सैंटी शर्मा ने खुशी मुखर्जी के आउटफिट पर किया ये कमेंट



एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी अपनी प्रोफेशनल लाइफ से यादा अपनी रिवीलिंग आउटफिट के लिए जानी जाती हैं. वह आए दिन हद से यादा छोटी ड्रेस पहनकर पब्लिक प्लेस पर स्पॉट होती हैं. इसके बाद वह पैप्स के कैमरे में कैद होती हैं और उनके वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं. अब खुशी मुखर्जी के बोल्ड ड्रेस पहनने पर मशहूर रैपर सैंटी शर्मा ने कमेंट किया है. उन्होंने ऐसा रिएक्शन दिया है कि सोशल मीडिया पर लोग दो धड़ों में बंट गए हैं. कई लोग तो सैंटी शर्मा के बयान के समर्थन कर रहे हैं, वहीं कई लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं. आइए जानते हैं कि रैपर ने एक्ट्रेस के लिए क्या कहा है. सैंटी शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर लिखा है कि सोशल मीडिया पर मौजूद कंटेंट की बचे और किशोर तक आसानी से पहुंच है. इसलिए किसी भी सेलिब्रिटी और इंफ्लुएंसर को सोचना चाहिए कि उन्हें क्या पोस्ट करना चाहिए. इन लोगों को लाखों की संख्या में फॉलोवर्स होते हैं तो उनकी बात का असर समाज पर पड़ता है. इन लोगों को ऐसा कंटेंट देना चाहिए जो लोगों तक सही मैसेज पहुंचे और समाज में पॉजिटिव असर हो. इस दौरान सैंटी शर्मा ने ऐसा बयान दे दिया. जिसने विवाद पैदा कर दिया है. दरअसल, रैपर ने कहा है, ऐसी महिलाएं भारत में बढ़ते रेप कल्चर की वजह बनती हैं. उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोग दो धड़ों में बंट गए हैं. रैपर सैंटी शर्मा के बयान का समर्थन भी किया जा रहा है और उन्हें निशाना भी बनाया जा रहा है. बताते चलें कि खुशी मुखर्जी कई बार हद से यादा बोल्ड ड्रेस पहनती हैं और उनको ट्रोल किया जाता है. सैंटी शर्मा के बारे में बात करें तो उन्होंने इंडिपेंडट रैपर और परफॉर्मर के तौर पर पहचान बनाई है. सैंटी शर्मा को साल 2016 में पहली बार सुनी सुनी सदको और साल 2017 में रैप उड़ान जैसी गीतों से पॉपुलैरिटी मिली थी. रतलाम के कहरने वाले सैंटी शर्मा का पहला सोलो एलब्म रीबॉर्न आ चुका है. सैंटी शर्मा ने फिल्म हाउसफुल 5 के लिए एक एंथम रैप लिखा और गाया है. इसके अलावा सैंटी शर्मा ने कई गानों को बनाया है. ऐसी ही एंटरटेनमेंट की लेटेस्ट खबरों के लिए बॉलीवुडलाइफ के साथ बने रहिए।

# गया से ग्लैमर तक, अरविंद सिन्हा की जज़्बे भरी उड़ान



महाराष्ट्र की धरती पर पहली बार आयोजित 'मिस्टर मिस मिसेज इंडिया प्लस साइज ब्यूटी पेजेंट फैशन शो सीजन 2 (2026)' ने यह साबित कर दिया कि सुंदरता सिर्फ आकार में नहीं, आत्मविश्वास में बसती है। 17 फरवरी 2026 को आयोजित ग्रैंड फिनाले में जब विजेताओं के नाम घोषित हुए, तो तालियों की गूंज के बीच एक नाम खास तौर पर चर्चा में रहा—अरविंद कुमार सिन्हा, प्रथम रनरअप मिस्टर इंडिया मॉडल। पानी से मंच तक ङ्क दो दुनिया, एक जुनून गया (बिहार) से मुंबई तक का सफर अरविंद के लिए आसान नहीं रहा। संघर्ष, जिम्मेदारियां और सपनों के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने खुद को साबित किया। पेशे से कंट्री क्लब मैनेजर, लेकिन दिल से कलाकार, यही है उनकी असली पहचान। तैराकी उनके व्यक्तित्व का वह पहलू है जिसने उन्हें अनुशासन, संतुलन और मानसिक मजबूती सिखाई। पानी में उतरते ही वे सिर्फ तैराक नहीं रहते, बल्कि लक्ष्य पर केंद्रित एक योद्धा बन जाते हैं। यह खेल उनके आत्मविश्वास की बुनियाद है।

अरविंद का मानना है, अभिनय सीखा नहीं जाता, वह भीतर से निकलता है। जब अभिनय नेचुरल हो, तभी वह दिल तक पहुंचता है। कई मंचों पर वे अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। क्लब की जिम्मेदारियों के बीच भी जब शूटिंग या मंचन का माहौल बनता है, तो उनके भीतर का कलाकार जाग उठता है। उनके अनुसार, मौका मिला तो कुछ कर दिखाऊंगा। उनकी यह सोच ही उन्हें अलग बनाती है। वे किरदार निभाते नहीं, उसे जीते हैं। गया से मुंबई तक का उनका सफर चुनौतियों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी खुद को कम नहीं आंका। तैराकी ने उन्हें धैर्य दिया, अभिनय ने उन्हें अभिव्यक्ति दी, और इस मंच ने उन्हें पहचान दी। आज अरविंद कुमार सिन्हा सिर्फ एक रनरअप नहीं, बल्कि उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो अपने सपनों को दबा देते हैं। उनका सफर बताता है, जब जुनून सच्चा हो, तो मंच खुद रास्ता बना देता है।

# अनुराग डोभाल के समर्थन में उतरीं मनीषा रानी, सोशल मीडिया पर ट्रोल्स को दिया करारा जवाब



सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और रियलिटी शो में पहचान बना चुकीं मनीषा रानी इन दिनों एक वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में उन्होंने यूट्यूबर अनुराग डोभाल से जुड़े विवाद पर खुलकर अपनी राय रखी है. मनीषा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए अनुराग का समर्थन किया और उन्हें ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया. अपने वीडियो में मनीषा रानी ने कहा कि वो यूके राइडर यानी अनुराग डोभाल को पर्सनली नहीं जानतीं, लेकिन जो बातें उन्होंने हाल में सुनी हैं, उससे उन्हें दुख हुआ है. उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग और उनकी पत्नी रितिका को मैसेज करके बात करने की कोशिश भी की, लेकिन बात नहीं हो सकी. मनीषा ने ट्रोल करने वालों से कहा कि हर चीज को लाइक्स और व्यूज से जोड़कर देखना सही नहीं है. अगर कोई अपनी परेशानी लोगों के साथ शेयर कर रहा है, तो उसे समझने की कोशिश करनी चाहिए. कई यूट्यूबर अपनी निजी समस्याएं लोगों से छिपा लेते हैं, लेकिन कुछ लोग अपनी जिंदगी खुलकर शेयर करते हैं क्योंकि दर्शकों के साथ उनका एक इमोशनल रिश्ता बन जाता है. ऐसे में लोगों को उन्हें ट्रोल करने के बजाय सहारा देना चाहिए. मनीषा ने अनुराग के परिवार और करीबियों से भी अपील की कि इस समय उन्हें इमोशनली और मेंटली सपोर्ट करने की जरूरत है. बता दें, अनुराग डोभाल, जिन्हें लोग यूके राइडर के नाम से जानते हैं, एक पॉपुलर यूट्यूबर और सोशल मीडिया क्रिएटर हैं. वह अपने व्लॉग, बाइक राइडिंग और लाइफस्टाइल से जुड़े वीडियो के लिए जाने जाते हैं. हाल ही में उन्होंने अपने यूट्यूब पर एक वीडियो शेयर किया था और अपनी निजी समस्याओं के बारे में बात की थी.

# महिला दिवस पर आकांक्षा रंजन कपूर का बड़ा खुलासा- मैंने अपने एग्स फ्रीज़ करवाए!



मुंबई अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर अपने दमदार और किरदार आधारित अभिनय से धीरे-धीरे मनोरंजन की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। लेकिन इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्होंने अपने करियर नहीं, बल्कि अपनी ज़िंदगी के एक बेहद निजी फैसले पर खुलकर बात की। आकांक्षा ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज़ करवाए हैं और इस फैसले तक पहुंचने की पूरी मुश्किल और भावनात्मक यात्रा भी साझा की। एक साफ-सुथरी और ईमानदार सोशल मीडिया पोस्ट में आकांक्षा ने अस्पताल की कुछ तस्वीरें शेयर कीं और पिछले दो हफ्तों की शारीरिक और मानसिक चुनौतियों के बारे में बताया। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे कई महिलाएं गुजरती हैं, लेकिन खुलकर बात कम ही होती है। आकांक्षा की इस पोस्ट ने उसी चुप्पी को तोड़ने की कोशिश की। अपने पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कल मैंने अपने एग्स फ्रीज़ करवाए!! सच कहूं तो इसे शेयर करने का कोई प्लान नहीं था, लेकिन आज लगा कि यही सही दिन हैज्महिला का शरीर वाकई कमाल का होता है। पिछले दो हफ्ते बहुत तीव्र रहे। हर दिन खुद को मोटी सुई से इंजेक्शन लगाना, हार्मोन का असर, सूजन, मूड स्विंग, लगातार स्कैन, दवाइयां, आईवी ड्रिप और आखिर में सर्जरी। लेकिन बस इतना कहना चाहती हूं कि महिलाएं वाकई जबरदस्त होती हैं और मैं अपने शरीर की समझदारी और ताकत को देखकर हैरान हूं। दूसरी तस्वीर आज की है, उस काम के लिए तैयार हो रही हूं जो मैं करना चाहती हूं स्पोर्टी कपड़े पहनकर अपनी दिनचर्या में लौटने की कोशिश। हालांकि बिल्डिंग के आसपास 20 मिनट चलना भी मुश्किल लग रहा था। लेकिन सच कहूं तो उतना ही काफी लगा! क्योंकि इस शरीर ने अभी-अभी कुछ बहुत कमाल किया है। हैप्पी वुमेन्स डे। इस ईमानदार पोस्ट ने सोशल मीडिया पर कई लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। एग्स फ्रीज़ कराने जैसा विषय, जिस पर अक्सर धीमी आवाज़ में बात होती है, अचानक महिला दिवस की बड़ी चर्चा का हिस्सा बन गया—जहां बात हो रही है महिलाओं की पसंद, सही समय और करियर, सपनों व निजी ज़िंदगी के बीच संतुलन की।

# छाप तिलक' दिल के करीब, खास है इसकी एनर्जी: मेधा शंकर



अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की अपकमिंग फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' का पहला गाना 'छाप तिलक' रिलीज हो चुका है। यह गाना रिलीज होते ही दर्शकों का दिल जीत रहा है। मेधा शंकर ने कहा कि यह गाना उनके दिल के बहुत करीब है और इसकी एनर्जी बेहद खास है। गाने में पारंपरिक भावना और मॉडर्न बीट्स का मेल है। फिल्म के पोस्टर लॉन्च के बाद मेकर्स ने इस हाई-एनर्जी ट्रैक को सोनी म्यूजिक के जरिए सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध कराया है। गाने में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की जोड़ी की जबरदस्त केमिस्ट्री दिखाई देती है। साथ ही रैपर पैराडॉक्स की एंट्री गाने में आधुनिक टच जोड़ती है। तीनों की एनर्जी और मजेदार हुक स्टेप हैं। मेधा शंकर ने गाने की रिलीज पर खुशी जताते हुए कहा, मैं बहुत खुश हूं कि अब सब 'छाप तिलक' सुन पाएंगे। फिल्म का पहला गाना होने से इसकी एनर्जी बहुत खास है। यह मेरे दिल के करीब है और मैं खुद भी इस पर बार-बार थिरक रही हूं। हीर और अमान नूर ने इसे शानदार बनाया है। पैराडॉक्स के रैप ने और खास कर दिया। मुझे पूरा यकीन है कि यह इस सीजन का बड़ा डांस ट्रैक बनेगा। अविनाश तिवारी ने कहा, फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में संगीत बहुत महत्वपूर्ण होता है। 'छाप तिलक' हमारे लिए वही काम करता है। उम्मीद है कि यह लोगों की प्लेलिस्ट में जगह बनाएगा, जैसे मेरी प्लेलिस्ट में बना चुका है। सुनते ही खुद को नाचने से रोकना मुश्किल होगा।

यह गाना अमीर खुसरो के क्लासिक 'छाप तिलक सब छीनी' पर आधारित है, जिसे सिंगर-कंपोजर हीर ने गाया है। यह उनका बॉलीवुड डेब्यू है। अमान नूर ने कंपोजिशन और बोल लिखे हैं, जबकि पैराडॉक्स ने रैप से नया रंग भरा है। हीर ने कहा, हमने कोशिश की कि गाने में आत्मा भी रहे और डांस फ्लोर की एनर्जी भी। अमान के साथ काम और पैराडॉक्स का रैप इसे शानदरा बना देता है। पैराडॉक्स ने कहा, मैं क्लासिक में कुछ नया लाना चाहता था। गाने की ग्रूवी एनर्जी त्योहारों के सीजन में खूब चलेगी। अमान नूर ने बताया, क्लासिक को नए अंदाज में पेश करते समय पुरानी भावना और नया टच दोनों जरूरी हैं।




# सीलिएक बीमारी में क्यों जरूरी है ग्लूटेन-फ्री डाइट

सीलिएक बीमारी एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम गलती से ग्लूटेन नामक प्रोटीन को नुकसान पहुंचाने वाला समझता है। जब सीलिएक मरीज ग्लूटेन खाते हैं, तो उनकी छोटी आंत की परतें खराब हो जाती हैं, जिससे पोषक तत्वों का अवशोषण सही से नहीं हो पाता। इसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है और कई बार लंबे समय तक यह समस्या बनी रहती है। सीलिएक बीमारी में ग्लूटेन-फ्री डाइट अपनाना जरूरी है क्योंकि यह शरीर को नुकसान से बचाता है, पोषण की कमी को दूर करता है और जीवन को बेहतर और सक्रिय बनाता है। इससे मरीज लंबे समय तक स्वस्थ और फिट रह सकते हैं। अगर ग्लूटेन खाते रहें, तो पेट दर्द, डायरिया, कब्ज, थकान, वजन कम होना जैसी समस्याएं होती हैं। लंबे समय तक ग्लूटेन लेने से एनीमिया, हड्डियों की कमजोरी और विटामिन की कमी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए सीलिएक मरीजों के लिए ग्लूटेन पूरी तरह से बंद करना जरूरी है।

ग्लूटेन-फ्री डाइट में क्या खाना चाहिए, यह समझना भी बहुत जरूरी है। फ्रेश फल, सब्जियां, मिलेट्स, कॉर्न मील, बीन्स और नट्स जैसी चीजें पूरी तरह सुरक्षित हैं। इनसे शरीर को कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फाइबर मिलता है, जिससे स्वास्थ्य बना रहता है।

वहीं, ब्रेड, पास्ता, केक और पिज़्ज़ा जैसी चीजें जो गेहूं, जौ, राई या ओट्स जैसे अन्य ग्लूटेन वाले अनाज से बनती हैं, उन्हें पूरी तरह छोड़ देना चाहिए। इनके सेवन से परेशानी बढ़ सकती है।

ग्लूटेन-फ्री डाइट सिर्फ बीमारी को कंट्रोल करने के लिए ही नहीं, बल्कि लंबे समय में हेल्दी लाइफ जीने के लिए भी जरूरी है। इससे शरीर को जरूरी पोषण मिलता है, पेट और आंत की समस्याएं कम होती हैं और ऊर्जा भी बनी रहती है। इसके अलावा, सीलिएक मरीजों को यह ध्यान रखना चाहिए कि अगर वे बाहर खाना खाने भी जाते हैं, तो ग्लूटेन वाले आइटम्स का सेवन करने से बचें। इसकी जगह वे मिलेट्स, कॉर्न मील, बीन्स और नट्स से बनी चीजों का सेवन कर सकते हैं।




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com